# उत्तर प्रदेश: फार्मास्युटिकल उत्पादों का प्रमुख उत्पादक और निर्यातक

## चर्चा में क्यों?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुताबिक, फार्मा उपभोक्ता राज्य होने से **उत्तर प्रदेश फार्मास्युटिकल उत्पादों का प्रमुख उत्पादक और निर्यातक बनने** की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

## मुख्य बिंदु:

- सीएम ने कहा कि सरकार **ललितपुर में 2,000 एकड़ में फैला एक फार्मा पार्क** बना रही है और एक मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करने की भी योजना बना रही है।
- उन्होंने **गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक फार्मेसी भवन** की आधारशिला भी रखी।
- कार्यक्रम के दौरान सीएम ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट भी वितरित किये।

### स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना

- इस योजना के तहत **उच्च शिक्षण संस्थानों** के विभिन्न शिक्षण/प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामांकित **स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल और नर्सिंग छात्र** आदि को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- राज्य सरकार छात्रों को उनके संबंधित विश्वविद्यालय/कॉलेज/संस्थान के माध्यम से **टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरित करेगी**।
- ये उपकरण छात्रों के बीच सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाने में सहायता करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-major-producer-and-exporter-of-pharmaceutical-products